# भाई बनकर मेरा वो मुझसे राखी बंधवाएगा

भाई बनकर मेरा वो मुझसे राखी बंधवाएगा
खाटूवाला मुझसे मिलने खुद खाटू से आयेगा

1. हमने सुना जब संकट आए श्यामधनी ही आता है
   अपनी बहना के खातिर फिर अब क्यूं देर लगता है
   कठिन परीक्षा में सांवरिया, अपना फ़र्ज़ निभाएगा
   खाटूवाला मुझसे मिलने खुद खाटू से आयेगा

2. मुझको कोई राह ना सूझे याद मुझे तेरी आती है
   बहना तेरी पल पल मोहन बैठी नीर बहाती है
   है मुझको विश्वास कन्हैया, जल्दी मुझे बुलाएगा
   खाटूवाला मुझसे मिलने खुद खाटू से आयेगा

3. सबके जीवन की गाड़ी अब तू ही चलाने वाला है
   इतना जानू बस मेरे बाबा तू ही मेरा रखवाला है
   बनके भाई इस निशा का, बनके भाई इस मीठी का
   हरदम साथ निभाएगा
   खाटूवाला मुझसे मिलने खुद खाटू से आयेगा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35082/title/bhai-bankar-mera-wo-mujse-rakhi-bandhwayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |